**उत्तर मध्य रेलवे**

**जनसम्पर्क कार्यालय**
**उत्तर मध्य रेलवे**
**प्रयागराज**

**पत्रांक11:पीआर/07/2025/45 प्रेस विज्ञप्ति दिनांक: 22.07.2025**

***महाप्रबन्धक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने 12 रेल कर्मचारियों को किया पुरस्कृत***
*** श्री विवेक राय एवं श्री ब्रजराज सिंह, बने माह जून 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी***

दिनांक 22.07.2025 को महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री राजेश कुमार मिश्रा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए आगरा, झाँसी एवं प्रयागराज मण्डलों से जून 2025 माह के लिए चयनित कुल 12 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कृत कर्मचारियों में **1.**श्री लायक राम/ कीमैन/डबरा/झाँसी मण्डल**2.**श्री रवि प्रकाश वर्मा/ट्रैक मेंटेनर-II/ग्वालियर/झाँसी मण्डल**3.**श्री रवि कुमार/प्वाण्टसमैन/ बिरोही/ प्रयागराज मण्डल**4.**श्री रनवीर सिंह/स्टेशन मास्टर/डगमगपुर/प्रयागराज मण्डल**5.**श्री आदर्श यादव/स्टेशन मास्टर/सैयदसरावां/प्रयागराज मण्डल**6.**श्री संजीत कुमार-II/ लोको पायलट/कानपुर न्यू/ प्रयागराज मण्डल**7.**श्री सचिन कुमार/ सहायक लोको पायलट/ कानपुर न्यू/ प्रयागराज मण्डल **8.**श्री नवल कुमार/लोको पायलट/जीएमसी/प्रयागराज मण्डल**9.**श्री पंकज कुमार/सहायक लोको पायलट/जीएमसी/प्रयागराज मण्डल**10.**श्री संजय कुमार मीना/ वरि. सहायक लोको पायलट/ग्वालियर/झाँसी मण्डल**11.**श्री विवेक राय/लोको पायलट गुड्स/आगरा कैंट/आगरा मण्डल एवं **12.** श्री ब्रजराज सिंह सहायक लोको पायलट/आगरा कैंट/आगरा मण्डलशामिल हैं।

श्री विवेक राय लोको पायलटगुड्स/आगरा कैंट एवं श्री ब्रजराज सिंह सहायक लोको पायलट/आगरा कैंट/आगरा मण्डलको जून **2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी*** के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ये दोनों दिनांक29.05.2025 को गाड़ी संख्या ECR/JBP पर तुगलकाबाद-आगरा कैंट खण्ड में कार्यरत थे। इन्हें शोलाका-होडलस्टेशन के मध्य चौथी लाइन पर डाउन दिशा में जा रही मालगाड़ी संख्या NPSB में ब्रेकवान से 9वें वैगन में चिंगारी एवं धुंआ दिखाई दिया। लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गाड़ी संख्या NPSB के ट्रेन मैनेजर को खतरा संकेत दिखाया गया एवं डिप्टी एसएस/होडल, NPSB के लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को वॉकी-टॉकी पर गाड़ी में गर्म धुरा होने की सूचना दी। गाड़ी संख्या ECR/JBP की सूचना पर गाड़ी संख्या NPSB के वैगन को काटकर अलग किया गया और इनकी सजगता एवं सतर्कता से एक संभावित रेल दुर्घटना को रोका जा सका।

**प्रकाशनार्थ**
**मुख्य संवाददाता**
**प्रयागराज/ झाँसी एवं आगरा**

**(शशि कान्त त्रिपाठी)**
**मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज**